## न्यूज डायरी



### चीन में 26 दिन बाद वापस लौटा वफादार कुत्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कहते हैं कि कुत्ते इंसान के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं और इसका एक और उदाहरण देखने को मिला चीन में। चीन में एक कुत्ता अपने मालिक की तलाश में 26 दिन तक भटकता रहा और अंततः 37 मील की यात्रा करने के बाद उसकी तलाश पूरी हुई। दरअसल, कुत्ते का मालिक उसे गलती से एक सर्विस स्टेशन में भूल आया था। सात साल के इस कुत्ते का नाम दोउ दोउ है। करीब एक महीने तक भीषण ट्रैफिक और व्यस्त हाइवे से होकर यह कुत्ता जब करीब एक महीने बाद अपने घर पहुंचा तो वह बहुत दुर्बल हो गया था और धूल से पूरी तरह से सना हुआ था। चीन के सरकारी अखबार किआनजिआंग इवनिंग न्यूज के मुताबिक क्यू और उनका परिवार चीन के पूर्वी शहर हांगझाऊ में रहता है और पिछले महीने वे कार से ग्रामीण इलाके की ओर गए थे।

### पाकिस्तान के पेशावर में मदरसे के अंदर जोरदार विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में एक मदरसे में जोरदार विस्फोट से कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है और 70 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों में कई बच्चे शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट पेशावर के दीर कॉलोनी में हुआ है। एसएसपी मंसूर अमन ने विस्फोट की पुष्टि की है और बताया विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अब 7 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। विस्फोट के समय मदरसे में कुरान की पढ़ाई चल रही थी। डॉन न्यूज ने लेडी रीडिंग हॉस्पिटल के प्रवक्ता मोहम्मद असीम के हवाले कहा कि सात शव अस्पताल लाए गए हैं और 70 लोग घायल हैं। इसमें बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है और आलाधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। असीम ने बताया कि अस्पताल में आपातकाल की घोषणा की गई है। एसएसपी ने कहा कि प्रारंभिक सूचना के मुताबिक विस्फोट में आईईडी का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा, इस विस्फोट में 5 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया है।

### ताइवान को देगा चीन तक मार करने वाली घातक हार्पून मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। चीन की धमकी से बेपरवाह अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने ताइवान को 2.37 अरब डॉलर के बेहद घातक हार्पून मिसाइलों की डील को मंजूरी दी है। अमेरिका की हथियार निर्माता कंपनियों के खिलाफ चीन के प्रतिबंध लगाने की घोषणा के तुरंत बाद ट्रंप प्रशासन ने यह फैसला किया। चीन ने जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उसमें बोइंग भी शामिल है जो इस मिसाइल को बनाती है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि अमेरिका ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यह मानता है कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में ताइवान की सुरक्षा को सबसे अहम मानता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बिगड़ेगा।

### बुत बनकर खड़ा रहा शख्स और बन गया गिनेस रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। वह एक चलता–फिरता मधुमक्खियों का छत्ता है। यह उसकी मजबूरी नहीं बल्कि विश्व रेकॉर्ड बनाने की कवायद है। चीन के इस शख्स ने सबसे बड़ा मधुमक्खियों का छत्ता होने का रेकॉर्ड कायम कर भी लिया है। रुआन लियान्गमिंग का पूरा शरीर मधुमक्खियों से ढककर गिनेस बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इसके लिए उन्होंने एक रानी मक्खी को अपने शरीर पर बैठाया। इससे दूसरी बहुत सी मधुमक्खियां खुद आकर्षित हो गईं। गिनेस बुक के मुताबिक यह ठमम ठमंतकपदह 19वीं सदी से चली आ रही कला है। रुआन ने इस ऐक्ट के दौरान करीब 6,37,000 मधुमक्खियां उनके शरीर पर बैठीं जिनका 63.7 किलो वजन रहा। इनमें से 60 रानी मधुमक्खियां थीं। रुआन का कहना है कि ऐसा कुछ करने के लिए प्रतिभागी को एकदम शांत रहना चाहिए।

# म्यामांर में भारतीय कलादान प्रॉजेक्ट के लिए दुश्मन बना चीन

**खतरा**

## चीन अराकान आर्मी को घातक हथियारों की कर रहा है मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नायपिताव। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश पर नजरें गड़ाए बैठा चीन म्यामांर में भारतीय प्रॉजेक्ट के लिए दुश्मन बन गया है और स्थानीय उग्रवादी गुट द अराकान आर्मी को हथियारों की मदद कर रहा है। अराकान आर्मी चीनी हथियारों के बल पर भारत के म्यामांर में बनाए जा रहे कलादान मल्टी–मॉडल ट्रांसपोर्ट प्रॉजेक्ट के काम को बहुत ज्यादा प्रभावित किया है। अराकान आर्मी को ये हथियार चीन से अवैध ट्रांसफर और तस्करी के जरिए मिलते हैं।

अराकान आर्मी को म्यामांर की सरकार ने आतंकी संगठन का दर्जा दिया है और दोनों पक्षों के बीच एक साल में 600 बार झड़प हुई है। यह ज्यादातर झड़प 48 करोड़ डॉलर के कलादान प्रॉजेक्ट के पास हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा कम से कम 4 बार हुआ है जब अराकान आर्मी के सदस्यों ने कलादान प्रॉजेक्ट के लिए ले जाए जा रहे सामान या





उसकी सुरक्षा में लगे म्यामांर के सैनिकों पर हमला किया।

**म्यामांर का सितवे बंदरगाह अगले साल से होगा शुरूः** वर्ष 2019 में ही जब कलादान प्रॉजेक्ट का मुख्य हिस्सा रखाइन और चिन राज्यों में पूरा होने वाला था, अराकान आर्मी ने इस इलाके में अपना अभियान शुरू कर दिया। अराकान आर्मी के इस कदम से कलादान प्रॉजेक्ट को पूरा करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा है। भारत और म्यामांर वर्तमान समय में सितवे बंदरगाह को अगले साल से शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं। इस पोर्ट के शुरू होने से भारत का कोलकाता बंदरगाह सितवे पोर्ट से जुड़ जाएगा और भारत के मिजोरम, मणिपुर जैसे जमीन से घिरे राज्यों तक आसानी से सामान पहुंचाया जा सकेगा।

गत 23 जून को थाईलैंड की सेना ने म्यामांर की सीमा के पास चीन में बने की हथियारों की खेप पकड़ी थी। इसमें एके–47 असॉल्ट राइफल, मशीन गन और एंटी टैंक बारुदी सुरंगें, ग्रेनेड और विस्फोटक शामिल हैं। ये हथियार करीब 10 लाख डॉलर की कीमत के थे। ये हथियार अराकान आर्मी और अराकान रोहिंग्या आर्मी को दिए जाने थे। ये दोनों ही रखाइन राज्य में स्थित हैं।

सैकड़ों राइफल और मशीन गन फरवरी में अराकान आर्मी तक पहुंची ऐसी भी खबरें हैं कि चीनी में बनी सैकड़ों राइफल और मशीन गन फरवरी में मोनाखाली समुद्री तट के रास्ते अराकान आर्मी तक पहुंची हैं। यह समुद्री तट म्यामांर और बांग्लादेश के सीमा तट पर पड़ता है। चीन में बने घातक हथियारों के म्यामांर के उग्रवादी गुटों तक पहुंचने से क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा बन गया है और इसका कलादार प्रॉजेक्ट पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि इस बात का संदेह है कि चीन उग्रवादी गुटों को उकसा रहा है।

## फ्रांस का कट्टरपंथी मुस्लिमों की मस्जिद पर जोरदार ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। तुर्की के बॉयकॉट के आह्वान के बाद भी फ्रांस ने टीचर सैमुअल पैटी की गला काटकर हत्या किए जाने के बाद इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ जोरदार ऐक्शन जारी रखा है। फ्रांस ने राजधानी पेरिस के उत्तर–पूर्वी इलाके में स्थित कट्टरपंथियों को निशाना बनाया है। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इस्लामिक आंदोलन में शामिल होनेश के आरोप में इस मस्जिद को बंद कर दिया है।

अधिकारियों ने मस्जिद से जुड़े लोगों पर टीचर सैमुअल पैटी को निशाना बनाकर वीडियो सोशल मीडिया में शेयर करने का भी आरोप लगाया है। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सैमुअल की हत्या के बाद बहुत तेजी से और जोरदार ऐक्शन लिया है। इसके तहत बड़ी संख्या में लोगों से पूछताछ की जा रही है और भविष्य की कार्रवाई के लिए प्लान बनाया जा रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जाएगा।

फ्रांसीसी सरकार ने ऐलान किया है कि अब तक 120 स्थानों और संगठनों की तलाशी ली गई है जिन पर कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाने का आरोप है। इसके अलावा आतंकवादियों को मिलने वाले पैसे पर रोक के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। साथ शिक्षकों को सहायता दी जाएगी।



## दुनिया में सबसे खूंखार हैं मुर्सी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इथियोपिया। दुनिया के कई कोनों में ऐसी आदिवासी प्रजातियां रहती हैं जो आज भी हजारों साल पुरानी परंपरा का पालन करती हैं। ये प्रजातियां जिन जंगलों में रहती हैं उन्हें लेकर इनका पूरा अधिकार होता है और वहां की स्थानीय सरकारें भी इन अधिकारों में दखल नहीं देती हैं। इनमें से कुछ बेहद खतरनाक होती हैं। इन्हीं में से एक है इथियोपिया की खूंखार मुर्सी जनजाति। इसके लोगों के लिए किसी की हत्या करना मर्दानगी की निशानी होती है। मुर्सी समुदाय की कुल आबादी करीब 10 हजार है। मुर्सी जनजाति के लोग एके–47 के पुराने मॉडल को 8 से 10 गाय के बदले खरीदते हैं, जबकि इसका नया मॉडल 30–40 गाय देकर खरीदते हैं।

# एमी कॉनी बैनट ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति पद की शपथ ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक अहम नियुक्ति में जज एमी कॉनी बैरट ने सोमवार रात सुप्रीम कोर्ट के 115वें न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ ली। इससे पहले सीनेट ने उनकी सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति पद पर नियुक्ति की पुष्टि की थी। राष्ट्रपति चुनाव से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए इसे एक बड़ी जीत माना जा रहा है। रिपब्लिकन बहुमत वाले सीनेट ने 48 के मुकाबले 52 वोट देकर बैरट के नाम की पुष्टि की। न्यायमूर्ति क्लैरेंस थॉमस ने वाइट हाउस के साउथ लॉन में एक समारोह में बैरट को संवैधानिक



शपथ दिलाई। ट्रंप भी इस दौरान वहां मौजूद थे। शपथ लेने के बाद बैरट ने कहा, मुझे आज यहां खड़े होकर बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है। वहीं ट्रंप ने कहा, अमेरिका, अमेरिका के संविधान और निष्पक्ष और तटस्थ कानून के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है।

**नए राष्ट्रपति को करना चाहिए था चुनावः** डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने सीनेट के बैरट के नाम की पुष्टि करने पर निशाना साधते हुए कहा कि नए न्यायाधीश का चयन 3 नवंबर को चुनाव जीतने के बाद विजेता को करना चाहिए था। न्यायाधीश रूथ बदर गिन्सबर्ग के सितंबर में निधन के बाद यह पद खाली हुआ था। प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स मंगलवार को अदालत में एक निजी समारोह में संघीय अपील अदालत की पूर्व न्यायाधीश बैरट को दूसरी शपथ दिलाएंगे, जिसे न्यायिक शपथ कहा जाता है।

## अफगानिस्तान के साथ संबंध मजबूत करेगा पाकिस्तानः इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उनकी सरकार ने अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है, चाहे काबुल में सत्ता में कोई भी हो। खान ने सोमवार को यहां 'पाकिस्तान–अफगानिस्तान कारोबार एवं निवेश फोरम' विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी को आरंभ करते हुए यह बात कही।

उन्होंने अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता की खातिर भूमिका निभाते रहने का पाकिस्तान का मजबूत दृढ़ संकल्प भी दोहराया। खान ने कहा कि उनकी सरकार अफगानिस्तान के कारोबारी समुदाय के साथ संबंधों को और विकसित करने के प्रयास कर रही है ताकि दोनों को एक–दूसरे के अनुभवों का लाभ मिल सके और व्यावसायिक एवं आर्थिक संबंधों को गति मिल सके। खान ने कहा कि उनकी सरकार ने फैसला किया है कि अफगानिस्तान के साथ संबंध मजबूत किए जाएंगे चाहे पड़ोसी देश में सत्ता में कोई भी हो। खान ने यह साफ किया कि अफगानों द्वारा तथा अफगानों के नेतृत्व वाली शांति प्रक्रिया उनकी सरकार के लिए चिंता का मुख्य विषय है।